SJU Social Justice Union Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 11 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 283

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गहरी खाई में गिरी कार : जम्मू-कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, पत्नी और बेटे की मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के मुगल रोड पर हुए दर्दनाद हादसे में जम्मू-कश्मीर सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी, उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे में वित्त, वन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण विभाग के निदेशक रणबीर सिंह बाली, उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई और बेटी घायल हो गई। उनकी कार घाटी से सुरनकोट जाते समय एक खाई में गिर गई। पुलिस ने कहा कि हादसे में पिता, पत्नी और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी को पुलिस सहित बचावकर्मियों ने नजदीक के उप जिला अस्पताल सुरनकोट में इलाजे के लिए भर्ती करवाया। जिस समय यह हादसा हुआ था, उस समय मुगल रोड पर जाम भी लगा था। बताया जा रहा है कि रणबीर सिंह बाली का परिवार मूल रूप से बारामूला का रहने वाला है और अब जम्मू के त्रिकुटानगर में रहता था।

### दिग्विजय सिंह पर राजगढ़ व गुना में भी प्रकरण दर्ज

**भोपाल (आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के विरुद्ध इंदौर के बाद अब राजगढ़ और गुना में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। उन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्व सर संघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की तस्वीर के साथ अनर्गल ट्वीट करने का अरोप हैं। इंदौर के तुकोगंज थाने में केस दर्ज किया गया है। वहीं राजगढ़ के कोतवाली थाने और दिग्विजय सिंह के गृह जिले गुना में केंट थाने में रविवार को प्रकरण दर्ज किया गया। इंदौर में पुलिस ने दिग्विजय सिंह के विरुद्ध धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और सद्भाव बिगाड़ने, कूटरचना, मानहानिकरने, उकसाने के इरादे से बयान देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। इन्हीं धराओं में राजगढ़ में भी उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। शिकायत भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अंशुल तिवारी ने की। उधर, गुना में पुलिस ने हिंदू संगठन से जुड़े कैंट निवासी केशव शर्मा की शिकायत पर दिग्विजय केविरुद्ध एफआइआर दर्ज की है।

### अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार बस ट्रक से टकराई, 20 लोगों ने तड़प-तड़प कर तोड़ा दम

**लागोस।** नाइजीरिया के लागोस प्रांत में यात्री बस के ट्रक से टकरा जाने से 20 लोगों की मौत हो गई है। लागोस प्रांत यातायात प्रबंधन प्राधिकरण (एलएएसटीएमए) ने यह जानकारी दी है। एलएएसटीएमए के प्रवक्ता ताओफिक अदेबायो ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लागोस-बैडाग्री एक्सप्रेसवे के साथ मोवो शहर के पास रेत से भरे एक ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना के समय बस में 20 लोग सवार थे। प्रवक्ता बताया कि रेत से लदे टिपर ट्रक को ओवरटेक करने प्रयास में बस चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस ट्रक से टकरा गई, जिससे बस चालक और उसके मोटर बॉय सहित 18 यात्रियों सहित सभी 20 लोगों की मौत हो गई। ट्रक चालक सुरक्षति है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के शव मुर्दाघर में रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान से बचने के लिए मोटर चालकों को तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने से परहेज करने की सलाह दी जाती है।

# 7 राज्यों में बाढ़ और लैंडस्लाइड से 56 लोगों की मौत, अलर्ट पर पंजाब; पीएम मोदी ने अधिकारियों से हालात को लेकर की बात



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में हो रही भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हैं। हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश से हालात बिगड़े हुए हैं। कई इलाकों में बाढ़ जैस हालात हैं। शिमला, मंडी और सिरमौर में भारी नुकसान होने की खबर है। प्रदेश में जारी बारिश लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में सात राज्यों में लैंडस्लाइड और बाढ़ की अलग-अलग घटनाओं में 56 मौतें हुई हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, अगले 3 घंटों में चंडीगढ़, पटियाला, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, अंबाला, कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, पंचकुला, यमुनानगर में भारी बारिश होने की संभावना है।

उधर, पंजाब में बारिश से लगातार खतरनाक हालात बनते जा रहे हैं। चंडीगढ़ से पंजाब के जालंधर, अमृतसर और मनाली की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे पर रोपड़ के सिंह भगवंतपुरा गांव के पास हाईवे पर तेज बहाव के साथ गांवों से पानी हाईवे पर आ रहा है और हाईवे को काटते हुए खतरनाक तरीके से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेत और घर भी डूब चुके हैं। होशियारपुर के गांव मैली डैम का जलस्तर बढ़ गया है, जो कि इस वक़्त ओवरफ्लो हो रहा है। जिसके बाद पानी बढ़ जाने से जिला प्रशासन ने 15 गांव को अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अगर पानी मैली डैम से छोड़ा जाता है तो माहिलपुर के आसपास के 15 गांव को खतरा बढ़ सकता है।

देश के कई राज्यों में भारी बारिश को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। पीएमओ ने ट्वीट कर बताया है कि स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं।

## कई राज्यों में स्कूल बंद; पंजाब में सेना से मांगी मदद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बारिश ने उत्तर और पश्चिम भारत में तबाही मचा दी है। हिमाचल प्रदेश समेत पहाड़ी राज्यों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश के चलते भूस्खलन, बादल फटने, घर ध्वस्त होने, पेड़ और बिजली गिरने से 34 लोगों की मौत हो गई है। उत्तरी भारत के बड़े भूभाग से गुजरने वाली यमुना और उसकी सहायक नदियां उफान मार रही हैं। पहाड़ी इलाकों में बारिश ने बाढ़ का रूप लिया और सडक़ों तक को बहा कर ले गई। राजधानी दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सडक़ों पर पानी इस कदर फैला कि रोड पर खड़ी गाडिय़ां, कागज की नाव सी दिखाई देने लगीं। दिल्ली में तो बारिश ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। राजधानी में जुलाई महीने में 1982 के बाद से अब तक ऐसे बादल नहीं बरसे। हिमाचल प्रदेश के सोलन में तो 135 मिमी बारिश दर्ज की गई। आखिरी बार सोलन वालों ने 1971 में ऐसी बारिश देखी, तब भी 105 मिमी ही बारिश दर्ज की गई थी। यानी सोलन ने अपने 50 साल के इतिहास में ऐसी आसमानी आफत नहीं देखी। बारिश ने ऊना में भी रिकॉर्ड तोड़ा। 1993 के बाद ऊना में सबसे ज्यादा बारिश रविवार को दर्ज की गई। आलम ये था कि बारिश मकानों को तक बहा कर ले गई। दिल्ली फायर ब्रिगेड चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि रविवार को मूसलाधार बारिश के चलते 15 घर ढह गए, जिसके चलते 2 लोगों की मौत हो गई। बारिश का कहर ये रहा है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने भी 10 जुलाई यानी सोमवार को वकीलों की गैर मौजूदगी में आदेश पारित करने से राहत दी है। ट्रैफिक पुलिस ने भी तीन हजार से ज्यादा कर्मियों को सडक़ों पर उतारा है। ये आफत अभी जल्द थमनी नहीं है। मौसम विभाग ने सूबे में पूरे हफ्ते बारिश की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट किया है। दिल्ली से सटे नोएडा में 10 से 12 जुलाई तक सभी स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में फंसे लोगों को बचाने के लिए हृष्ठक्रस्न को पानी में उतरना पड़ा। बारिश से मची आफत को कम करने की कोशिश में कलेक्टर ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर तैयार किया है। साथ ही एक इमरजेंसी नंबर (8826797248) जारी किया गया है। हिमाचल में बारिश पहाड़ से भूस्खलन के रूप में आफत बनकर गिर रही है।

## मुंबई हवाई अड्डे पर एआईयू ने 1.41 लाख डॉलर के साथ दो विदेशियों को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने सोमवार को कहा कि उन्होंने 1.15 करोड़ रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर की तस्करी के प्रयास के आरोप में मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक, एक आरोपी जापान के ओसाका और दूसरा बैंकॉक का रहने वाला है।

एआईयू अधिकारियों ने कहा कि एक गुप्त सूचना के बाद, दोनों को उस समय रोका गया जब वे बैंकॉक के लिए थाई एयरवेज की उड़ान में सवार होने वाले थे।

उनके सामान की जांच के दौरान अधिकारियों ने उनके पास से 1,41,500 डॉलर नकद बरामद किए। पैसे एक थैली के अंदर एक हैंडबैग में छिपाकर रखे गए थे। पूछताछ करने पर आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा ले जाने के वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

अधिकारियों ने कहा, बरामद विदेशी मुद्राएं सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के तहत जब्त कर ली गई हैं। यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 104 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को मुंबई में एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला : सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने 2 हफ्ते के लिए बढ़ाई अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ा दी। न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को मेडिकल रिपोर्ट रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया और अंतरिम जमानत 24 जुलाई तक बढ़ा दी।

सिंघवी ने कहा, तीन अस्पतालों ने जैन के लिए सर्जरी की सिफारिश की है। सिंघवी की इस दलील पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने अदालत से अनुरोध किया कि इस बीच एम्स के डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाए। एक संक्षिप्त सुनवाई के बाद, अदालत ने सिंघवी को जैन की मेडिकल रिपोर्ट एएसजी राजू को सौंपने के लिए कहते हुए मामले को 24 जुलाई लिए पोस्ट कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को दिल्ली सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए छह सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी। शीर्ष अदालत के समक्ष यह दलील दी गई कि जैन को अत्यधिक स्वास्थ्य समस्याएं हैं और उनका वजन 30 किलोग्राम से अधिक कम हो गया है। इस साल अप्रैल में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग जांच मामले में जैन और उनके दो सहयोगियों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जैन पिछले साल 30 मई से हिरासत में हैं। एक निचली अदालत ने 17 नवंबर, 2022 को आप नेता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## हाईकोर्ट ने पंचायत में हिंसा पर बीएसएफ के आईजी से मांगी रिपोर्ट

**उच्च न्यायालय में सांसद अधीर चौधरी की याचिका पर हुई सुनवाई**

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव की वोटिंग के दौरान जमकर हिंसा हुई तो पुनर्मतदान के दिन भी गड़बड़ी व हिंसा की छिटपुट घटनाएं घटी। अभीतक दर्जनों लोग मारे गए हैं घायलों की संख्या लगभग एक हजार है। इस मुद्दे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने पीड़ितों को मुआवजा दिए जाने समेत तीन मांगें उठाई हैं। साथ ही ममता सरकार से सवाल किया कि हिंसा क्यों हुई?। अधीर चौधरी ने मुख्य न्यायाधीश से पंचायत चुनाव की अशांति को लेकर सवाल करते हुए कहा, सुप्रभात मैं मुर्शिदाबाद से हूं। मेरे जिले मुर्शिदाबाद समेत पूरे राज्य में अशांति है। हर दिन मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि मृतकों के परिजनों को नहीं पता कि शव लाने के लिए कहां जाएं। ऐसे में आज कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बीएसएफ आईजी और राज्य सरकार से पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक हिंसा पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा। उच्च न्यायालय ने कहा, राज्य सरकार को घायल लोगों को अच्छी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करनी होंगी।आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से दायर मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की खंडपीठ ने आदेश दिया कि घायलों को सरकारी अस्पतालों में इलाज कराया जाये। जरूरत पडऩे पर इलाज के लिए राज्य के किसी बड़े अस्पताल में ले जाना चाहिए। इसके अलावा, अदालत ने राज्य को मृतक के अंतिम संस्कार में हर संभव सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।पोस्ट मार्टम की वीडियोग्राफी का भी आदेश दिया गया है। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी जानी चाहिए। रिपोर्ट के बाद ही कोर्ट मुआवजे पर फैसला करेगा। इसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा, मुझे अपने केस की एक कॉपी दीजिए। मामले को अनुमति देना. राज्य के महाधिवक्ता को सूचित करें। अधीर ने मुआवजे की मांग करते हुए हाई कोर्ट में मामला दायर किया। चीफ जस्टिस ने सभी पक्षों से जल्द से जल्द जानकारी देने को कहा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस मामले की सुनवाई होगी।

### छिटपुट हिंसा के बीच 696 बूथों पर पुनर्मतदान

बंगाल के 22 जिलों में से 19 जिलों के 696 बूथों पर पुनर्मतदान भी छिटपुट हिंसा के बीच सम्पन्न हुआ। आज सुबह से ही कई जगहों से हिंसा की खबरें आई और। आज शाम के 6 बजे तक 64.42% मतदान दर्ज किया गया है लेकिन वोट का प्रतिशत बढ़ भी सकता है कारण कई जगहों पर मतदान की प्रक्रिया जारी थी। तमाम केन्द्रों पर सेंट्रल फोर्स के जवान तैनात रहें और खबर के लिखे जाने तक किसी भी जिले से भीषण व व्यापक गड़बड़ी की खबर नहीं मिली थी। बीरभूम, दक्षिण 24 परगना, दक्षिण दिनाजपुर, हावड़ा, पश्चिम बर्द्धमान में छिटपुट गड़बड़ी की खबर मिली है। वहीं मोयना में बमबाजी का आरोप है। तो नदिया में वोट देने आया एक मतदाता कतार में अचेत हो गया और अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में आज तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को पीट-पीटकर मारने का आरोप कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लगा है। मृतक की पहचान सिराजुल शेख (35) के तौर पर हुई है।इसके साथ ही मुर्शिदाबाद में चुनावी हिंसा में मारे गए लोगों की संख्या बढक़र 11 हो गई है।

## लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर भीषण सड़ हादसा, तीन महिलाओं समेत 8 की मौत; कई घायल



**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ वाराणसी हाइवे पर हुए भीषण सडक़ हादसे में तीन महिलाओं समेत 9 की मौत हो गई है। इसके अलावा आधा दर्जन से ज्यादा घायल हो गए हैं। घटना लीलापुर थाना के मोहनगंज बाजार की है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से टेंपो में सवार लोग हादसे का शिकार हुए हैं। हादसे के बाद टैंकर भी पलट गया। टैंकर से गैस रिसाव की बात भी सामने आ रही है।

मौके पर पुलिस, स्थानीय लोगों की मदद से सभी को मेडिकल कालेज भेज दिया गया है। मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में अव्यवस्थाओं के चलते समय पर न स्ट्रेचर और न ही वार्डबॉय उपलब्ध थे। पुलिस, पत्रकारों और स्थानीय लोगों ने गाडिय़ों से घायलों को उतार कर इमरजेंसी में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतकों की संख्या में और इजाफा हो सकता है।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर केंद्र शासित राज्यों के कर्मचारियों ने जंतर मंतर पर लगाए नारे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली और केंद्र शासित राज्यों के कर्मचारियों के संगठन ने जंतर मंतर पर तेज बारिश में भी सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की और चेतावनी दी। भयंकर बारिश में भी जंतर मंतर पर हजारों सरकारी कर्मचारी डटे रहे और प्रधानमंत्री मोदी जी से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए सरकार को चेताया। पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर डॉ. मंजीत सिंह पटेल के आवाह्न पर ये धरना जंतर मंतर पर दिया जा रहा है। जंतर-मंतर पर हुए इस आंदोलन में दिल्ली के तकरीबन 50 कर्मचारी संगठन शामिल हुए हैं, जिनमें दिल्ली नर्सेज फेडरेशन सेंट्रल गवर्नमेंट, हॉस्पिटल्स नर्सेज फेडरेशन के साथ-साथ दिल्ली के तमाम शिक्षक संगठन भी शामिल रहे। धरने के दौरान सरकार को चेतावनी दी गई है कि अगर पुरानी पेंशन जल्द बहाल नहीं की जाती तो लोकसभा चुनाव 2024 में सरकारी कर्मचारी अपने परिवारों के साथ वोट फॉर ओपीएस कैंपेन चलाएंगे।

आंदोलन में प्रमुख रूप से लीलाधर रामचंदानी, जितेंद्र रामचंद्र मोगा, नवीन जाट, सुधीर, रूप जी, प्रदीप डागर, कुलदीप खत्री, आकिल अख्तर, दिलीप कुमार, विनोद यादव, कुलदीप काद्यान, सतेंद्र नागर, बीसी शर्मा, ऋषिपाल तोमर, इंटक नेता सत्यव्रत पुनिया, बाबूराम तोमर, दलबीर राठी, योगेश अहलावत आदि नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन रेलवे मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशांत पन्ना और उनकी टीम के द्वारा किया गया। डॉ. मनजीत सिंह पटेल ने कहा की भारत सरकार को 2 महीने का अल्टीमेटम दिया जाता है कि वह तत्काल प्रभाव से देश के सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करें नहीं तो उनका अगला कदम संसद का मार्च होगा।

## बाबा बैद्यनाथ धाम सहित सभी शिवालयों में लगा भक्तों का तांता



**पटना (आरएनएस)।** सावन के महीने में सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी जाती है लेकिन सावन महीने की पहली सोमवारी के मौके पर आज भगवान शिव के मंदिर में भक्तों का सुबह से ही तांता लगा हुआ है। सोमवार के मौके पर मंदिर परिसरों को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है।

झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम और वासुकीनाथधाम मंदिर के रास्ते कावडिय़ों के बोलबम के नारे से गूंज रहे हैं। सुल्तानगंज से उतरवाहिनी गंगा का पवित्र जल उठाकर 105 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा कर कांवडिये बैद्यनाथ धाम पहुंचकर कामना लिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

सुबह चार बजे की विशेष पूजा के बाद से ही यहां भक्तों द्वारा जलाभिषेक प्रारंभ हुआ जो बदस्तूर जारी है। बैद्यनाथ धाम में कांवडिय़ों की मुख्य मंदिर से पूर्व करीब चार किलोमीटर लंबी कतार लगी हुई है।

मेला क्षेत्र में सुरक्षा की कमान संभाल रहे पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सावन महीने की पहली सोमवारी को एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर का पट रात को श्रृंगार पूजा के बाद बंद कर दिया जाएगा। वासुकीनाथ मंदिर में भी बाबा के भक्तों का आना जारी है। यहां भी सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी हुई है।

बिहार की राजधानी पटना के बैकुंठपुर मंदिर, गायघाट के गौरीशंकर मंदिर, पटना सिटी के तिलेश्वर महादेव मंदिर, अलखिया बाबा मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है।

इसके अलावे बिहार के भी मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, मोतिहारी के सोमेश्वर मंदिर, रोहतास के गुप्ताधाम मंदिर, सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही भीड़ उमड़ रही है। मुजफ्फरपुर बाबा गरीबनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। विभिन्न जगहों से हजारों कांवड़िए अपनी अपनी मुरादे लेकर बाबा गरीबनाथ दरबार पहुंचकर जलाभिषेक कर रहे हैं।

प्रशासन की तरफ से भी मुजफ़्फ़रपुर के साथ-साथ कई जिलों के पुलिस बल और पदाधिकारियों को ड्यूटी में तैनात किया गया है।